

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 111 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 20 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# पिस्टल की गोली से घायल योगेश की मौत, तीन आरोपी हिरासत में दो फरार

### योगेश हत्याकांड से पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल

सिवनी यशोः- सिवनी जिला मु यालय के बारापत्थर क्षेत्र में हनुमान मंदिर के समीप मोटर सायकिल में सवार दो युवकों ने योगेश अग्रवाल उर्फ योगी पर देशी पिस्टल से सीने में गोली मारकर घायल कर दिया था जिसे एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे नागपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोली मारने वाले युवको एवं योगेश अग्रवाल के बीच जुँआ से संबंधित एक पुराना विवाद था जिसके कारण शुक्रवार को यह घटना घटित हुई ।

गोली लगने के बाद घायल युवक योगेश अग्रवाल को इलाज के लिए नागपुर रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। नागपुर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुए पीएम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली पुलिस ने वारदात को अंजाम देने के आरोप में 5 लोगों पर नामजद अपराध दर्ज किया है तथा 3 आरोपियों शुभम डहेरिया, अंकेश डहेरिया एवं रामू तुमडाम को हिरासत में ले लिया है और इनसे पूछताछ की जा रही है । घटना का मु य आरोपी बिज्जू उइके एवं अनुराग डहेरिया फरार है । जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है ।

### पुलिस ने अनुराग से ली थी मदद

चल रही चर्चाओं के अनुसार युवक की हत्या में जुआं से संबंधित था बताया जाता है कि मृतक योगेश अग्रवाल जुँआ का फड चलाने के साथ सट्टा एवं नशीले पदार्थ का कारोबार करता था जिससे आसपास के लोगो को परेशानी होती थी ।



रामू तुमड़ाम नामक युवक के माध्यम से पिछले माह मृतक की शिकायत कोतवाली में की गयी थी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही की और मृतक पर मामला भी दर्ज किया था । जुंआ फड़ में छापामार कार्यवाही के समय अनुराग डहेरिया से पुलिस ने मदद ली थी और बाद में किसी पुलिस कर्मचारी द्वारा मृतक योगेश अग्रवाल को यह भी बता दिया था कि उसकी शिकायत रामू तुमडाम द्वारा की गयी थी और मुखबिरी अनुराग डहेरिया द्वारा की गयी ।

### कार्यवाही के बाद योगेश और अनुराग में हुआ कई बार विवाद

जनकारी के अनुसार जुँआ फड़ पर हुई कार्यवाही से मृतक योगेश ने अनुराग डहेरिया की जमकर पिटाई की थीा तथा उनके पिता को भी धमकियाँ देता था, अनुराग के पिता को आटो रि शा नहीं चलाने दे रहा था पिछले कुछ दिनों से योगेश की गुंडागर्दी से अनुराग एवं उसका परिवार बहुत अधिक परेशान था और बहुत अधिक अपमानित महसूस कर रहा था बेटे के सामने पिता को अपमानित करने से अनुराग डहेरिया बहुत अधिक परेशान हो गया था और बीच में मारपीट की वारदात होने की पुलिस रिपोर्ट भी की गयी थी। पुलिस द्वारा भी यह बात कही गयी है कि दोनों के बीच मारपीट की घटनाएँ कई बार हुई जिनकी पुलिस में रिर्पोट दर्ज हुई है और कार्यवाही भी हुई है ।

### पिस्टल आयी कहाँ से

योगेश अग्रवाल पर सरेआम पिस्टल से गोलियाँ चलाई गयी । गोलियाँ चलाने वाले नवयुवक के पास यह पिस्टल कहाँ से आयी यह विषय भी सिवनी जैसे शांत शहर की चिंता का विषय है । इसका सीधा मतलब है कि सिवनी शहर के अंदर जुँआ, सट्टा, नशीले पदार्थो का कारोबार तो बेधड़क चल ही रहा है अवैध रूप से घातक हथियार भी आसानी से उपलब्ध हो रहे है । मृतक योगेश पर जिस पिस्टल से गोलियाँ चलायी गयी वह आरोपियों को कहा से प्राप्त हुई यह भी चिंता का विषय है एक आटो चालक के बेरोजगार पुत्र को आसानी से पिस्टल प्राप्त हो रही है तो आसामाजिक गतिविधियों को संचालित करने वालों के पास इस प्रकार के हथियारों की कमी नहीं होगी जिसका सीधा अर्थ है कि सिवनी जैसे शहर में अवैध हथियारों का भी बड़ा कारोबार हो रहा है और कहा जा सकता है कि यह आम आदमी सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग का अमला बेहद लापरवाही से काम कर रहा है ।

सट्टा, जुँआ और नशीले पदार्थो का कारोबार जिले में तेजी से बढ़ रहा है और नगर की एक बड़ी युवा आबादी इस प्रकार के अनैतिक कारोबारियों के मकड़जाल में फंसी हुई है । जिसके शिकार अनेक युवा आत्मघाती कदम उठा रहे है अनेक परिवार तबाह हो चुके है और इस प्रकार के कारोबारियों से पुलिस की सांठगाँठ उनके हौंसले बढ़ा रही है ।

## चौरसिया समाज द्वारा नागपंचमी कार्यक्रम 21 को



सिवनी यशोः- प्रतिवर्षानुसार चौरसिया समाज द्वारा आगामी 21 अगस्त को नागपंचमी उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें महारूद्र अभिषेक हवन पूजन एवं सामाजिक भोज का आयोजन किया जा जायेगा। समाज के अध्यक्ष विजय गोलू चौरसिया ने बताया कि रूद्र अभिषेक प्रातः 10 बजे, हवन पूजन प्रसाद वितरण दोपहर 12 एवं सामाजिक भोज 1 बजे से शाम 5 बजे तक , कार्यक्रम का समापन 5 बजे किया जायेगा। उे त कार्यक्रम चौरसिया मंगल भवन राधाकृष्ण नगरी रेल्वे क्रांसिग बरघाट रोड सिवनी में किया जायेगा। समस्त स्वजातिय बंधुओं से निवेदन है कि रूद्र अभिषेक हवन पूजन में उपस्थित होकर पुण्य लाभ कमाऐं।

## सावन गीतों के साथ अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

### अग्रोहा सेलीब्रेशन में हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- अग्रसेन महिला एकता मंच के तत्वावधान में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने 19 अगस्त शनिवार को हरियाली तीज जबलपुर रोड स्थित अग्रोहा सेलीब्रेशन में मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी नवविवाहित बहू बेटियों ने तीज उत्सव में हिस्सा लिया। नवविवाहिताओं व विभिन्न डांस ग्रुप द्वारा आकर्षक नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।



अग्रवाल समाज की सभी महिलाओं व बच्चों ने तीज कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह का शुभारंभ अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों व महिला एकता मंच की महिलाओं ने लड्डू गोपाल श्रीकृष्ण कन्हैया के पूजन आरती के साथ किया। मंच में पहुंची नवविवाहित बहू-बेटियों ने फनी इंट्रोडे शन के जरिए अपना, पति व ससुराल का परिचय दिया। सभी बहू-बेटियों को अग्रसेन महिला एकता मंच द्वारा उपहार दिया गया। इस दौरान नवविवाहित बहू-बेटियों के लिए विभिन्न मनोरंजक व ज्ञानवर्धन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रोचक सवालों का जवाब देने वाली महिलाओं, बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में नवविवाहित बहू-बेटियों के अलावा महिला डांस ग्रुप ने एक से बढ़कर एक डांस की प्रस्तुति दी।

## ना या एवं दिशा खेलेंगी राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता




बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरघाट से ना या सिंह राजपूत एवं दिशा जायसवाल राज्य स्तर पर खेलकूद शालेय प्रतियोगिता 2023 में हिस्सा लेंगी। ना या सिंह राजपूत ने (कराटे) जिला एवं संभाग स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दिशा जायसवाल (बाँ संग एवं बूशु) में राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में खेलेंगी।

बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार हार्दिक शुभकामनाएं देता है। विद्यालय संस्था प्रमुख श्री नरेश सिंह राजपूत एवं संस्था प्राचार्य श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत एवं खेल अधिकारी निशाद खान ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया है।

# भारी बारिश में भी आंदोलन स्थल पर डटे रहे सहकारी कर्मचारी

## सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

सिवनी यशोः- अपनी एकसूत्रीय माँग वेतनमान लागू किये जाने की मांग को लेकर पिछले चार दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्रदेशभर के सहकारी समिति कर्मचारियों के आंदोलन का जोश शनिवार को आई भयंकर बरसात भी ठंडा नहीं कर पाई। बरसात के दौरान भी म.प्र.सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ सिवनी के सहकारी समिति कर्मचारी जबलपुर रोड स्थित अ बेडकर चौक पर अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे रहे। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल के चौथे दिन शनिवार होने के बावजूद कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर काफी सं या में दिखाई दिए। विभिन्न संगठनों द्वारा कर्मचारियों की वेतनमान संबंधी मांग को जायज बताते हुए निरंतर समर्थन किया जा रहा है। सहकारी समिति महासंघ के जिलाध्यक्ष वंशी ठाकुर ने बताया कि हम सहकारी समिति कर्मचारियों की सिर्फ एक ही मांग है कि हमें शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों का दर्जा देते हुए नियमितीकरण किया जाए व वर्ष 2019 में जारी पै स सेवा नियम अनुसार कार्य के अनुरूप वेतनमान लागू कर तत्काल उसका लाभ प्रदाय किया जाये।अनिश्चितकालीन हड़ताल की



वजह से ऋण वसूली, खाद वितरण, राशन वितरण सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। उल्लेखनीय है कि मांगों को लेकर लंबे समय से सहकारी कर्मचारियों द्वारा शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है लेकिन सरकार द्वारा कर्मचारियों के हितों में अब तक किसी प्रकार के सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। हड़ताल से आम जनता उपभोक्ता किसानों को हो रही परेशानी के लिए म.प्र.सहकारी समिति संगठन ने खेद व्यक्त किया है।

# सामाजिक समरसता का मूल उद्देश्य समाज में भाईचारा, सद्भावना को बढ़ाना- साध्वी ज्ञानेश्वरी

### जगह-जगह हुआ स्नेह यात्रा का स्वागत

सिवनी यशोः- समाज के विभिन्न वर्गों में आत्मीयता का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद और योजना आर्थिक एवं सां यकी विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी स्नेह यात्रा का शुभारंभ बुधवार से किया गया। 26 अगस्त तक चलने वाली इस यात्रा में प्रत्येक जिले में एक- एक संत भ्रमण कर रहें है। सिवनी जिलें में संचालित स्नेह यात्रा का शनिवार 19 अगस्त को नगर परिषद केवलारी से प्रारंभ




हुई। यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत के साथ ही यात्रा में शामिल ज्ञानेश्वरी साध्वी जी एवं सहयोगी साध्वी मनीषा दीदी का आमजनों द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। यात्रा में सहयोगी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सौरभ शु ला एवं श्री प्रशांत तिवारी वार्ड के पार्षद , गायत्री परिवार से श्री सुरेंद्र साहू , विनोद वर्मन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री अशोक बेंद्रे शामिल रहें। जनसंवाद कार्यक्रम में ज्ञानेश्वरी दीदी द्वारा बताया गया की जैसे प्रकृति किसी के साथ भेदभाव नहीं करती, उसी प्रकार मानव को भी एक दूसरे से भेदभाव नहीं करना चाहिए। प्रकृति द्वारा जल,वायु, वन, फल, फूल आदि जिस प्रकार बिना भेदभाव के सभी को समान रूप से दिये जाते हैं,उसी प्रकार व्यक्ति को एक दूसरे से बगैर भेदभाव के सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।

रविवार 20 अगस्त को यात्रा ग्राम तिघरा, मातनपर, अमोली, रावठान, धनौरा, नाइपिपरिया, मोहगांव, घोघरीमाल, सर्रा, अगरियाखुर्द, बालपुर, ईश्वरपुर से ग्राम घंसौर पहुंचेगी।

## स्व. राजीव गांधी की जयंती मनायेगी कांग्रेस



सिवनी यशोः- संचार क्रांति के जनक भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी का जन्म दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में दिनांक 20 अगस्त 2023, दिन रविवार को दोपहर 12 बजे मनाया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त कांग्रेस जन से उपस्थिति की अपील की है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अनेक व्यक्तियों ने लिया लाभ

सिवनी यशोः- सिवनी मु यालय के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदवाडा चौक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहां कई रोगों के विशेषज्ञ डॉ टरों ने मरीजों का उपचार किया। जानकारी के अनुसार, मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधन ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदवाडा चौक सिवनी में शहर के विशेषज्ञ चिकित्सक ने महिला, बच्चों,पुरूष एवं वृद्धों की बीमारी की जांच की और उनका उपचार किया।

जिन डॉ टरों ने शिविर में मरीजों की बीमारियों का समाधान किया। उनमें डॉ. विमलेश चौधरी (एमडी मेडिसीन), डॉ. मुकेश अहिरवार (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. सोनल वासनिक (स्त्री रोग विशेषज्ञ) शामिल हैं। ये डॉ हर माह में 1 दिवस अपनी सेवाएं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदवाडा चौक सिवनी में प्रदान करेंगे।

डॉ. विमलेश चौधरी ने बीपी, शुगर, हृदय रोग, केंसर रोग से संबंधित 34 मरीजों की जांच की गई। डॉ. मुकेश अहिरवार ने 40 शिशु रोग संबंधी बच्चों की जांच की। डॉ. सोनल वासनिक ने स्त्री रोग, गर्भवती महिलाओं संबंधी 25 मरीजों की जांच और इलाज किया।

### जबरन नॉलेज




# प्रकृति और आध्यात्म का संगम है कांचना की पहाड़ी, वन विभाग के आधे अधूरे काम से नाराज क्षेत्रवासी

सिवनी यशोः- प्रकृति की सुन्दरता और आध्यात्मिक आस्था का केन्द्र काँचना की पहाडिया लोगों को भाव विभोर कर देती है बरघाट विकास खण्ड में स्थिति कांचना की यह पहाडी आध्यात्मिक दृष्टि से हिन्दु-मुस्लिम रूपी गंगो जमुनी संस्कृति को दर्शाती है वन विभाग के दक्षिण वन मंडल परिक्षेत्र मे आने वाले इस क्षेत्र को इस पहाडी पर जहा माता शारदा का प्राचीन मन्दिर है नहीं पीर बाबा की मझार भी है।

### 320 सीढ़िया है यहां-

ऐसा लगता है यहां पर आकर मानो देवी देवताओ ने आकर यहाँ इस क्षेत्र को बसाया हो सीढी से चढ़ने पर मात्र 7 से 10 मिनट मे माता के दर्शन के लिए पहुंचा जा सकता है पहाड़ी के माँ शारदा के मन्दिर के लिए 320 सीढिया है, चैत्र एवं शारदेव नवरात्रि पर यहाँ पर यहाँ पर सिवनी जिले के ही नहीं वरन आसपास के राज्यों के लोग भी यहाँ पूजा अर्चना के लिए यहाँ आते है.



इस मन्दिर के पहले रामेश्वर सेवादार थे लेकिन वर्तमान में वरघाट निवासी आधार सिंह मर्सकोले पहाड़ के उपर इन मंदिर की देखरेख करते हैं

### तीन साल से कार्य अधूरे-

कांचना वन समिति के अध्यक्ष समानन्द गौतम एवं सचिव इंदर सिंह भोयर ने बताया कि ईको टुरिज्म के माध्यम से विकास को लेकर 97 लाख की स्वीकृति वर्ष 2017-18 से की गयी थी जिसमें लगभग 35 लाख के कार्य भी किये गये लेकिन वर्ष 2019- 20 में कोविड के चलते कार्य बन्द हो गया और शेष राशि का आज तक उपयोग नही किया जा सका।-

### वन विभाग की उदासीनता-

पहाडी पर मन्दिर का कार्य अधुरा है जिसे पूर्ण कराने की आवश्यक है यहा पर आने वाले लोगों को जानकारी के लिए बोर्ड एवं झूले के सामान रखे है मगर वन विभाग की उदासीनता के कारण कार्य बन्द है यहाँ पर स्थाई बिजली अथवा सौर ऊर्जा प्लाट भी लगाया जा सकता है। इस ग्राम के निवासी सोनू बघेल, अरविन्द वासनिक का कहना कि माँ शारदा का मन्दिर की प्रसिद्धि सिद्ध मन्दिर के रूप में है और यहा पर लोगो की मान्यता पूरी होती है. यहाँ पर कोई भी विधायक रहा हो चाहे कमल मसकोले या अर्जुन काकोडिया उन्होने रुचि नहीं ली जबकि सांसद डा. ढालसिंह विसेन अनेको बार आये और विधायक मंत्री तक बने है। संतोष राहगंडाले का कहना है कि इस पयर्टन स्थल के विकास से यहा पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, चूंकि इस पहाड़ी से लगा हुआ जलाशय है जिससे क्षेत्र के 26 गावों की नहरों के माध्यम से खेतो में पानी सप्लाई किया जाता है

### पहाडी के नीचे पार्क

इन पहाडियों के नीचे पार्क का निर्माण किया गया है जिसमे यहा आने वाले लोगों की सुविधा के लिए केटिंग भी प्रस्तावित है और निर्माणकार्य अधुरा भी पड़ा है लेकिन पता नहीं या कारण है कि यह केंटिन का कार्य पूर्ण नही किया गया लोग यहाँ आते तो है और निराश होकर लौट जाते है।

### कांचना डेम लगभग 15 से 20 एकड भूमि पर -



यह डेम 15 से 20 एकड़ भूमि पर बना है16 गांव के लोग इससे लाभान्वित होते है, धारना निवासी अखिलेश राहगंडाले ने बताया कि यह क्षेत्र चांवल की पैदावार के लिए अनुकुल है और इसकी फसल के लिए अधिक पानी की आवश्यकता पड़ती हैं। जिसकी पूर्ति इस तालाब के माध्यम से होती है। प्रतिदिन सैकडो लोग यहाँ पर पिकनिक मनाने या देवी के दर्शन के लिए आते हैं।

### कैसे पहुंचे काँचना पहाडी

सिवनी से 27 किलो मीटर बरघाट बस स्टेण्ड से दक्षिण दिशा में 5 किलोमीटर की दूरी पर वनमार्ग से यहाँ पर पहुंचा जा सकता है। चूँकि यह क्षेत्र पेंच एवं कान्हा पार्क की सीमा में होने से हिसंक पशु जंगली सुअर भालु गुलबाग आदि दस्तक देते है। वन विभाग का अमला यहा पर सम प्रति दिन दस्तक देता है।

# सनातन से वर्तमान का आर्थिक सिंहावलोकन : वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ सहित

प्रहलाद सबनानी-

प्रस्तुत पुस्तक ÷भारतीय आर्थिक दर्शन एवं पश्चिमी आर्थिक दर्शन में भिन्नत्ता - वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय आर्थिक दर्शन की बढ़ती महत्ता÷ के लेखक श्री प्रहलाद सबनानी आर्थिक विषयों के महत्वपूर्ण जानकार एवं विश्लेषक के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने निरंतर विभिन्न वित्तीय विषयों पर जानकारी पूर्ण आलेख प्रस्तुत किए हैं। उनका गहन अध्ययन एवं विभिन्न आर्थिक विषयों पर चिंतन इस पुस्तक की भूमिका बना है। इस पुस्तक के द्वारा उन्होंने प्राचीन भारत में अर्थशास्त्र की` या अवधारणा थी उस पर विस्तार से प्रकाश डाला है और उसके साथ ही आज के भारत की सुदृढ़ होती हुई अर्थव्यवस्था के बारे में अपना चिंतन प्रस्तुत किया है।

लेखक ने धर्म आधारित भारतीय आर्थिक दर्शन को प्रस्तुत करने के साथ अर्थ की शुद्धि पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। जीवन चक्र में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की ` या भूमिका होती है, इस पर उनका आध्यात्मिक चिंतन सामने आता है। प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने जोर दिया है। प्राचीन भारतीय समाज में कुटुंब व्यवस्था बहुत ही सुंदर थी और उस कुटुंब व्यवस्था में अर्थ का व्यवस्थापन बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से होता था इस विषय पर आपने विस्तार से लिखा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का उन्होंने विस्तार से अध्ययन किया है और इस विषय पर अपना मूल चिंतन प्रस्तुत करते हुए उन्होंने उस अर्थशास्त्र के महत्व को प्रतिपादित किया है। लेखक मर्यादित सुखोपभोग के पक्षधर हैं और जीवन को संतुष्ट जीवन के रूप में जीना पसंद करते हैं। धर्म आधारित जीवन संरचना किस प्रकार जीवन के आर्थिक पक्ष में प्रविष्ट रहती है यह विश्लेषण अपने आप में उस कालखंड के साथ पाठक को जोड़ता है। श्री दत्तोपंत जी ठेंगड़ी के प्राचीन भारतीय आर्थिक दर्शन पर उनके विचार आर्थिक अध्यात्मवाद से पुष्ट हैं। जीवन की आर्थिक समस्याओं पर उस समय के हिंदू चिंतन के विभिन्न सिद्धांतों पर उन्होंने विवेचना की है और उन्हें पाठक को समझ में आने वाली भाषा में प्रस्तुत किया है।

लेखक ने पश्चिम के आर्थिक दर्शन पर अपना चिंतन प्रस्तुत किया है। पश्चिम केवल अर्थ एवं काम पर ध्यान देता है, प्रकृति का शोषण करता है। उनकी जीवनचर्या बिल्कुल भिन्न है तथा खाओ पियो मौज करो वाली प्रकृति किस तरह से अपने आर्थिक जीवन को जीती है उसे दर्शाने का काम पुस्तक में किया गया है। चार्वाक का सूत्र वो य %ऋष्ण कृत्वा घ्रतम पीवेत% पश्चिम के जीवन का भी मूल वो य है। वहां का जीवन तंत्र ऋष्ण में अपने जीवन के सुख खोजता है। वहां की अर्थव्यवस्था ऋष्ण के जाल में फंसी हुई अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आती है।

पश्चिम का आर्थिक दर्शन समस्या पैदा करने वाला है। वहां पर संपत्ति में वृद्धि से सुख की प्राप्ति नहीं होती है, अपितु वहां का जीवन दुख से परिपूर्ण हो जाता है, नीरसता से भर जाता है। वहां का जो विकास मॉडल है वह शोषणकारी है। उनके आर्थिक दर्शन में आर्थिक समस्याओं का विकास बहुत तेजी के साथ हो जाता है। इन सारी बातों पर विस्तार से चिंतन परक विवेचना प्रस्तुत की गई है। एक रोजगार विहीन समाज में भौतिकवाद के सिद्धांत का` या परिणाम आता है उस पर आपका चिंतन महत्वपूर्ण है। पश्चिम में पूंजीवादी अर्थव्यवस्था विकास की सही अवधारणा को प्रस्तुत नहीं करती है।




आज का भारत भी पूंजीवादी दबाव में उलझता जा रहा है। आर्थिक जीवन को खंडित एवं यांत्रिक दृष्टिकोण किस प्रकार प्रभावित करता है यह आपने बताया है। अर्थ के प्रति मानव मन का सूक्ष्म दृष्टिकोण` या होना चाहिए और स्थूल दृष्टिकोण` या होना चाहिए, मनुष्य को एक आर्थिक मानव के रूप में किस तरह से जीवन जीना चाहिए, यह सब आपके महत्वपूर्ण विषय है जो इस पुस्तक में शामिल किए गए हैं। लेखक ने भारत के आर्थिक दर्शन को और पश्चिम के आर्थिक दर्शन को पूरी तरह आत्मसात किया है और तत्पश्चात इस पुस्तक को लिखने का काम किया है, इसलिए इस पुस्तक में भारतीय आर्थिक दर्शन एवं पश्चिमी आर्थिक दर्शन में अंतर, भारतीय और पाश्चात्य दर्शन में भिन्नता, एकात्म दर्शन, भारतीय एवं पश्चिमी अर्थ विचार में भिन्नता का प्रभाव, सौ हाथों से संग्रह कर हजार हाथों से बांटो, आर्थिक एवं गैरआर्थिक कारकों को महत्व आदि विषयों पर विस्तार से विचार अभिव्यक्त किए गए हैं।

आज के समय में पूंजीवाद का ढहता किला एवं ध्वस्त होते पश्चिमी आर्थिक सिद्धांत जिस तरह से सामने आ रहे हैं, उनसे भारत का सनातन मजबूत हो रहा है। साम्राज्यवादी देशों द्वारा औपनिवेशिक देशों का भरपूर आर्थिक शोषण किस तरह से किया जा रहा है यह भी इस पुस्तक में बतलाया गया है। पश्चिमी सिद्धांतों का भारत में भी उपयोग किया जा रहा है, लेकिन वह कितने फायदे के हैं और कितने नुकसान के हैं यह तो इस पुस्तक को पढ़ने के बाद ही पता चल सकता है। उदारीकृत मुक्त व्यापार पर लेखक ने खुले दिल से बात की है। पूंजीवाद का ढहता किला किस तरह से विश्व की अर्थव्यवस्था के सामने आ रहा है यह भी इस पुस्तक में शामिल है।

आज के समय में सा यवाद एवं पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक विचारधाराएं समाप्ति की ओर अग्रसर होती जा रही है। पूंजीवादी सिद्धांतों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बहुत खराब प्रभाव पड़ा है। विनिर्माण इकाइयों का बंद होना, लगातार महंगी होती स्वास्थ्य सेवाएं, विश्व में गरीबों की बढ़ती हुई सं या, बढ़ती हुई आय की असमानता, बढ़ती हुई बेरोजगारी, विश्व में बढ़ता हुआ उर्जा का खर्च, विश्व के विभिन्न देशों के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर किया जाने वाला बेतहाशा खर्च, सामाजिक सुरक्षा पर बढ़ता हुआ खर्च का बोझ, लगातार बढ़ता हुआ फेडरल बजट घाटा, अमेरिका के विदेश व्यापार में लगातार बढ़ता हुआ व्यापार घाटा, अमेरिका का बिगड़ता हुआ सामाजिक ताना-बाना और वहां के वित्तीय क्षेत्र की उथल-पुथल इस पुस्तक में पूरे विश्लेषण के साथ प्रस्तुत की गई हैं। यह पुस्तक आर्थिक विकास के न सिर्फ पश्चिमी मॉडल को प्रस्तुत करती है अपितु नवीन मॉडल का सुझाव भी सामने लेकर आती है। भारत के मॉडल को भी यह पुस्तक प्रस्तुत करती है। आर्थिक विकास आंकने के नए मॉडल से अपेक्षाएं` या है उन पर विस्तार से बातचीत है। उत्पादों का संयमित उपभोग किस प्रकार किया जाना है, उसे भी बताया गया है। विभिन्न देशों के आपसी संबंध कैसे होना चाहिए उसे भी समझाया गया है। भारत को लेकर लेखक बहुत उत्साह से भरे हुए है। उन्होंने परिवार प्रथा के महत्व को समझाया है, स्वदेशी तकनीक पर जोर दिया है, स्वावलंबी ग्रामीण अर्थव्यवस्था उनके चिंतन का महत्वपूर्ण भाग है। जनशक्ति का पूरा उपयोग और पूंजी का उपयोग किस प्रकार किया जाए इस पर उनका अनूठा चिंतन इस पुस्तक में सामने आया है।

निजी तथा सरकारी क्षेत्र परस्पर पूरक किस तरह से हो सकते हैं यह उन्होंने बताया है। नियोजन में वरीयता क्रम निर्धारण किस प्रकार होना चाहिए, आर्थिक प्रगति आंकने के पैमाने में नागरिकों की प्रसन्नता को भी आंकना चाहिए, भारतीय गृहणियों के घरु कार्य का आकलन कर इसे सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाना चाहिए, यह सब उन्होंने विशाल हृदय के साथ प्रस्तुत किया है और इस नए चिंतन को नई दृष्टि के साथ देखा जाना बहुत जरूरी है। प्राचीन भारत की आर्थिक व्यवस्था में छुपे हैं विश्व की वर्तमान आर्थिक समस्याओं के हल, इस बात को लेखक ने स्थापित किया है। कहा जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर उभर रही समस्याओं के हल हेतु सारा विश्व आज भारत की ओर देख रहा है। आर्थिक विकास को गति देने हेतु नए मॉडल` या होगा, कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए एक नया मॉडल` या होगा, ग्रामों के` लस्टर बनाकर आर्थिक विकास को गति देने स बंधी एक नया मॉडल` या होगा, स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सुझाया गया आर्थिक मॉडल` या होगा, इस पर नए दृष्टिकोण के साथ बातचीत की गई है।

लेखक का यह मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को र तार देने हेतु भारतीयता के ÷स्व÷ को जगाना आवश्यक है। राष्ट्रवाद का भाव जगाकर कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं विकसित अवस्था में पहुंची हैं। कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देकर आर्थिक विकास को गति दी जा सकती है। कृषि क्षेत्र की समस्याओं का निदान आवश्यक है। कृषि क्षेत्र के विकास हेतु किए जाने योग्य उपाय उपयोग में लाना बहुत जरूरी है। ग्रामों को केंद्र में रखकर आत्म निर्भरता को व्यापक स्वरूप दिया जा सकता है। भारत में सर्व समावेशी विकास से ही तेज आर्थिक प्रगति स भव हो सकती है।

भारत की आत्मा ग्रामों में बसती है अतः देश में ग्रामीण विकास जरूरी है। स्वदेशी को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्वावलंबी भारत अभियान को सफल बनाना महत्वपूर्ण है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरी है। श्रम को पूंजी का दर्जा देकर आर्थिक विकास को गति देना स भव हो सकता है। आर्थिक प्रगति में शुचितापूर्ण नीतियों का अपनाया जाना जरूरी है। वर्तमान में भारत में आर्थिक विकास एवं अर्थतंत्र को मजबूत करने हेतु लागू की जा रही नवीन योजनाओं का परिणाम` या सामने आ रहा है इसकी भी चर्चा पुस्तक में है।

आर्थिक चिंतन को भारत के सनातन के साथ जोड़कर उसके आध्यात्मिक पक्ष को प्रस्तुत करते हुए और आज के इस वक्त में उसकी उपादेयता को सामने रखते हुए लेखक ने जो स्थापनाएं इस पुस्तक में की हैं वह आज के समय को नए रूप से देखने की एक दृष्टि है और एक दृष्टिकोण भी है। इसे भारतीय समाज के द्वारा स्वीकार किया जाएगा, ऐसा मेरा पूरा विश्वास है।

श्री प्रहलाद सबनानी को बैंकिंग क्षेत्र का वृहद अनुभव है। आपकी अर्थशास्त्र विषय में गहरी समझ एवं आपका इस विषय पर गहरा अध्ययन इस पुस्तक में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है एवं आपने अर्थशास्त्र से स बंधित जटिल विषयों को सामान्य भाषा में सुस्पष्ट विश्लेषण करते हुए प्रस्तुत किया है, जिसे आम नागरिक भी बहुत आसानी से समझ सकते है। पुस्तक को हिंदी भाषा में लिखने के लिए लेखक को साधुवाद` योंकि भारत में आर्थिक विषयों पर हिंदी भाषा में बहुत कम लिखा जाता है। यह पुस्तक प्रत्येक भारतीय द्वारा पढ़ी जानी चाहिए, इसमें दिए गए विभिन्न विषयों पर ग भीरता से विचार करना चाहिए एवं भारत को विश्व गुरु बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। अतः यह पुस्तक भारत के नीति निर्धारकों, अर्थशास्त्रियों, व्यवसाईयों, अनुभवी व्यक्तियों, विद्यार्थियों, ग्रहणियों एवं समस्त नागरिकों के लिए उपयोगी साबित होगी।

## किसान के खेत में आसमान से गिरा रहस्यमयी गोला, वैज्ञानिकों की टीम को बुलाया

भोपाल। मध्य प्रदेश के ग्वालियर और शिवपुरी जिले की करीब 40 किलोमीटर सीमा क्षेत्र में आसमान से धातु के टुकड़ों की बारिश हुई है। इनमें से ज्यादातर गोलाकार है। जिन्होंने पब्लिक को विचलित कर दिया उनका वजन 50 किलो से अधिक है। माना जा रहा है कि या तो यह चंद्रयान के टुकड़े हैं या फिर 13 अगस्त को दिखाई दी उल्का पिंड की बारिश है।



ग्वालियर जिले के भितरवार क्षेत्र के जौरा श्यामपुर गांव से जानकारी मिली। उसके बाद पता चला कि शिवपुरी जिले के सीहोर क्षेत्र में भी इसी प्रकार की धातु की टुकड़ों की बारिश हुई है। अब तक करीब 6 से अधिक बड़े टुकड़ों की जानकारी प्रशासन को मिल चुकी है। इनका वजन 50 किलो से अधिक है। इनके गिरने से खेतों में 2 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा हो गया। लोगों ने पहले पुलिस को सूचना दी फिर जिला प्रशासन को बताया गया और कले टर ने छ्त्रष्ठह्र को सूचना पहुंचाई है परंतु समाचार लिखे जाने तक इन टुकड़ों की पहचान के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

**आसमान से धातु की बारिश कब होती है**

- अब तक के रिकॉर्ड में पाया गया है कि आसमान से धातु की बारिश उल्कापिंड के कारण होती है। साल में एक बार उल्का पिंड बड़ी मात्रा में पृथ्वी की ओर आकर्षित होते हैं। इनमें से ज्यादातर पृथ्वी से टकराने से पहले ही धूल के कणों में परिवर्तित हो जाते हैं और फिर अनंत काल तक पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन जो उल्का पिंड 1 स्क्वायर किलोमीटर या फिर इससे भी ज्यादा बड़े होते हैं वह पृथ्वी से टकरा जाते हैं और कई बार जमीन पर आकर गिरते हैं। यह बहुत तेज गति से गिरते हैं, इन में आग लगी होती है और इसके कारण का तेजी से क्षरण होता जाता है। लेकिन हर परिस्थिति में इनका आकार गोल रहता है। अभी 13 अगस्त को पृथ्वी पर उल्का पिंड की बारिश हुई है। इसलिए संभव है कि उल्कापिंड के कुछ टुकड़े धरती के अंदर प्रवेश कर गए होंगे।

- हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में समुद्र किनारे एक बड़ा सा धातु का टुकड़ा मिला। उसका आकार भी गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने दावा किया कि यह भारत के चंद्रयान का टुकड़ा है। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि, चंद्रयान के कुछ टुकड़े यहां भी आकर गिरे होंगे, हालांकि इसकी संभावना बहुत कम है योंकि ग्वालियर और शिवपुरी किसी भी समुद्र के किनारे नहीं है।

-सेटेलाइट या उसके टुकड़े भी हो सकते हैं। पृथ्वी पर चारों ओर इतने ज्यादा सेटेलाइट है, ऐसा लगता है जैसे गेंदे के फूलों की माला लपेट दी गई हो। संभव है कि अंतरिक्ष में सैटेलाइट का ऐ सीडेंट हुआ हो और कोई एक अथवा एक से अधिक सेटेलाइट पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में आ गए हो।

धातु के टुकड़ों का रिश्ता किसी ग्रह से है अथवा किसी अंतरिक्ष यान से इसका सही जवाब तो DRDO के वैज्ञानिक ही दे पाएंगे परंतु धातु के टुकड़ों की बारिश ने लोगों में कौतूहल पैदा कर दिया है। संतोषजनक बात यह है कि इस क्षेत्र के लोग समझदार हैं और उन्होंने धातु के टुकड़ों को देवता मानकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा नहीं की है।

## संत और समाज का स्नेहिल समागम है स्नेहा यात्रा

### 370 जनसंवाद कार्यक्रमों में 70 हज़ार से अधिक लोगो की सहभागिता

भोपाल। प्रदेश के सभी जिलों में स्नेह यात्रा का उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। यात्रा के तीसरे दिन बड़ी सं या में लोग उमंग के साथ स्नेह यात्रा में शामिल हुए। हजारों की सं या में लोग सुबह से ही यात्रा दल के साथ सहभागी बन बढ़ते जा रहे हैं। करीब 370 जनसंवाद कार्यक्रमों में 70 हज़ार से अधिक लोगो ने सहभागिता की। प्रमुख संतों के सानिध्य में गाँव-गाँव में स्नेहा यात्रा एकता, समरसता, समभाव और सद्भावना का संदेश दे रही है।

यात्रा के जनसंवाद में ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा, घरों के सामने रंगोली, कन्या पूजन, स्थानीय लोकनृत्य आदि प्रस्तुत किया जा रहा है। समाज में प्रेम, सौहार्द तथा समरसता भाव जगाने के लिए ग्रामीणजन प्रमुख संतों का दर्शन एवं प्रवचन का लाभ ले रहे है। यात्रा में रामचन्द्र मिशन, पतंजली योग पीठ एवं गायत्री परिवार एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सास्कृतिक संगठनों द्वारा समरसता का संदेश दिया जा रहा है।

**नवाचार बना रहे हैं यात्रा को आकर्षक**

स्नेह यात्रा के दौरान अनेक नवाचार हो रहे है। घर-घर जाकर संतजन सभी समुदाय के लोगों से तो स्नेह मिलन कर रहे है। नवाचारों की प्रेरणा भी दे रहे हैं। स्मृति स्वरूप तुलसी का पौधा रोपा जा रहा है। कलावा बांध कर नशामुक्ति का संकल्प लिया जा रहा है। देव स्थलों पर दीपदान किया जा रहा है। आध्यामिकता और आस्था के इस महासागर में जैसे भेदभाव की सभी नदियां आकर विलुप्त हो गई हैं।

**समरसता की खिचड़ी ने सबको जोड़ा एक सूत्र में**

स्नेह यात्रा में प्रतिदिन दोपहर और शाम को सत्संग, प्रवचन, सामूहिक, संकीर्तन और सहभोज का कार्यक्रम होता है। प्लास्टिक पूरी तरह से वर्जित है। सात्विक भोजन से निर्मित सहभोज में प्रमुख व्यंजन खिचड़ी है। सहभोज के लिये संपूर्ण सामग्री जन समुदाय की सहभागिता से एकत्रित की जा रही है। लोग आनंदित होकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर रहे हैं। समरसता से बनी इस खिचड़ी ने सभी को एक सूत्र में जोड़ दिया है।

## पन्ना जिले तक नर्मदा मैया का जल लाने के प्रयास होंगे - मु यमंत्री चौहान

*** लाड़ली बहनों को 27 अगस्त को मिलेगा उपहार**

*** गुन्नौर महाविद्यालय में विज्ञान कक्षाएँ शुरू होंगी, कन्या विद्यालय का होगा उन्नयन**

*** क्षतिग्रस्त तालाब की मर मत और भितरी मुटमुरू बांध का निर्माण किया जाएगा**

*** पूर्व सरकार ने लगाया योजनाओं को पलीता - मु यमंत्री चौहान**

*** 677 करोड़ 49 लाख के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण, भूमि-पूजन**

*** पन्ना जिले के गुनौर में मु यमंत्री के जनदर्शन में उमड़े नागरिक**



भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पन्ना जिले के गुन्नौर क्षेत्र में नर्मदा जल लाने के लिए तकनीकी परीक्षण करवाया जाएगा। जिले के नागरिकों को नर्मदा मैया का पानी उपलब्ध कराया जायेगा। गुन्नौर के महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएँ प्रारंभ की जाएंगी। साथ ही स्थानीय कन्या विद्यालय के उन्नयन की कार्यवाही भी की जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान पन्ना जिले के गुन्नौर में जनदर्शन के पश्चात लाड़ली बहनों और नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री ने 677 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान आकर्षित किए जाने पर कहा कि क्षेत्र में क्षतिग्रस्त तालाब की मर मत और भितरी मुटमुरू बांध निर्माण का कार्य किया जाएगा।

**जन-कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, तीन निकायों को एक-एक करोड़ रूपए**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन-कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिले के गुन्नौर, अमानगंज और देवेन्द्र नगर नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रूपए की राशि दी जाएगी। विभिन्न मांग पत्रों और नागरिकों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में क्षतिग्रस्त तालाब की मर मत और बांध निर्माण का कार्य किया जाएगा।

**पूर्व सरकार ने लगाया योजनाओं को पलीता**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार ने योजनाओं के क्रियान्वयन पर पलीता लगा दिया था। आज मध्यप्रदेश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिन-रात जनसेवा में लगे हैं। उन्होंने निर्धन तबके को निःशुल्क राशन उपलब्ध करवाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश सरकार भी आम जनता के कल्याण के लिए सक्रिय है। यहाँ 600 करोड़ रूपए की राशि से घर-घर तक पाइप लाइन से पानी पहुंचाने का कार्य हुआ है। मेडिकल और इंजीनियरिंग में होनहार विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिए जाने पर शिक्षण शुल्क देने की पहल की गई है। विद्यार्थियों को चाहे 10 लाख रूपए तक फीस भरनी हो, इसकी व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। किसानों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल और 6 हजार रूपए पीएम किसान निधि के साथ ही राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए की राशि देने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋष्ण भी मिल रहा है। पूर्व सरकार द्वारा बैगा, सहरिया और भारिया परिवारों के लिए आहार अनुदान की राशि का भुगतान, बहनों को मिलने वाली 16 हजार रूपए की प्रसव सहायता राशि, कन्या विवाह योजना और तीर्थ-दर्शन योजना का क्रियान्वयन बंद कर दिया था। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार बुजुर्गों को रेल ही नहीं प्लेन से भी तीर्थों के दर्शन करवा रही है।

**लाड़ली बहनाओं को उपहार देने की तिथि आ रही है नजदीक**

मु यमंत्री ने कहा कि आगामी 30 अगस्त को रक्षा-बंधन पर्व है। बहनों को भाई का उपहार मिलने वाला है। आगामी 27 अगस्त को दोपहर 1.00 बजे महत्वपूर्ण फैसला लिया जाएगा। लाड़ली बहनों ने यहाँ पगड़ी पहनाकर मेरा स्वागत किया है, इनका स मान कभी कम नहीं होने देंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि फूल बरसाकर स्वागत करने वाली लाड़ली बहनों की राह में कभी कांटे आने दिए जाएंगे। लाड़ली बहनों की जिन्दगी में कभी अंधेरा न आए, यह मेरा संकल्प है। राखी का कच्चा धागा स्नेह का प्रतीक है। बहनों की आँखों में आँसू नहीं रहने दूंगा। हम मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण का इतिहास बनाएंगे। लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद लाड़ली बहना योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है। बहनों का स मान इस योजना से बढ़ रहा है। लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने 15 हजार करोड़ रूपए का प्रबंध किया है। प्रयास यह है कि विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से बहनों की मासिक आमदनी 10 हजार रूपए तक हो जाए। प्रदेश में दुराचारियों के लिए कठोर सजा और फांसी तक के प्रावधान किए गए हैं। कार्यक्रम में खनिज मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सांसद श्री वी.डी.शर्मा और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**जनदर्शन में उमड़े नागरिक**

जनदर्शन में गुन्नौर के नागरिक मु यमंत्री श्री चौहान के स्वागत के लिए उमड़ पड़े। अनेक स्थानों पर मंच बनाकर मु यमंत्री का पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

**विकास कार्यों का लोकार्पण - भूमिपूजन**

मु यमंत्री श्री चौहान ने 677 करोड़ 49 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। गुनौर विधानसभा क्षेत्र के लिए 677 करोड़ 49 लाख 46 हजार रूपये के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 60 करोड़ 17 लाख के 3 विकास कार्यों का लोकार्पण और 617 करोड़ 32 लाख 41 हजार रूपये के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास शामिल है। इन कार्यों में 27-27 करोड़ के बिरवाही, देवेन्द्र नगर वितरण केन्द्र एवं पवई क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में 132/33 केवी उप केन्द्रों का निर्माण और 6.17 करोड़ लागत का गुनौर बायपास मार्ग- लंबाई 3.30 कि.मी. शामिल है। मु यमंत्री श्री चौहान ने जिन विकास कार्यों के लिए भूमि-पूजन किया, उनमें 506 करोड़ 54 लाख की पवई व्यारमा समूह जल-प्रदाय योजना, 38 करोड़ से शासकीय उत्कृष्ट उमावि, गुनौर का पुनर्विकास कार्य, 31 करोड़ 70 लाख से उत्कृष्ट उमावि ककरहटी का पुनर्विकास, 27 करोड़ 65 लाख की गुनौर की अमृत 2.0 जल-प्रदाय योजना, 12 करोड़ 63 लाख 41 हजार रूपये की लागत से शाहनगर में नवीन शासकीय आईटीआई का निर्माण और 80 लाख से गुनौर नगर परिषद के कार्यालय भवन का निर्माण शामिल है।

## राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 24 को छिंदवाड़ा में

भोपाल । छिन्दवाड़ा में मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मु य आतिथ्य में 24 अगस्त को होने वाले महिला स मेलन तथा अन्य कार्यक्रमों के साथ एमएसएमई विभाग द्वारा स मिलित रूप से राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शेष जिला मु यालयों में गुरुवार 24 अगस्त को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सचिव एमएसएमई विभाग श्री पी. नरहरि ने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूपरेखा जिला कले टर के निर्देशन में कार्यक्रम होंगे। स्व-रोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा।

जिला स्तरीय रोजगार दिवस आयोजन में विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में लाभान्वित हुए हितग्राहियों को तथा जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में हितग्राहियों को स्वीकृति/वितरण-पत्र जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगे। छिन्दवाड़ा में आयोजित मु यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रमों में दिखाने की व्यवस्था की जायेगी। अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शीघ्र डीएलसीसी की बैठक आयोजित कर विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरणों में ऋष्ण स्वीकृति/वितरण सुनिश्चित किया जाए।

## कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल शुचिता एवं सतर्कतापूर्ण परीक्षा कराने को प्रतिबद्ध

### मण्डल की सतर्कता से 2 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भोपाल। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 आयोजित कर रहा है। पूर्ण शुचिता एवं सतर्कता के साथ मण्डल द्वारा 12 अगस्त 2023 से परीक्षा करवाई जा रही है। मण्डल की सतर्कता से परीक्षा में अनुचित कार्यवाही पर 2 एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है। संचालक मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दी गई जानकारी में बताया है कि अब तक एक लाख 68 हजार 112 अ यर्थियों के लिये 12 पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा के पहले दिन रीवा के महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में अनाधिकृत प्रवेश-पत्र के साथ परीक्षा में स मिलित होने का प्रयास करने पर मण्डल द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई।

# विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ विजयी होगी - विष्णुदत्त शर्मा

## भाजपा ने 39 विधानसभाओं के प्रत्याशी किये घोषित, प्रदेश अध्यक्ष ने दी शुभकामनायें

भोपाल यशोः- भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा मध्यप्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 39 विधानसभाओं के प्रत्याशी घोषित किये जाने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केन्द्रीय चुनाव समिति को धन्यवाद दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्रीय चुनाव समिति ने विधानसभा चुनाव के लिए जिन 39 प्रत्याशियों का चयन किया है उसमें युवा, अनुभवी और महिला वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। यह सभी प्रत्याशी 2023 के विधानसभा चुनाव की विजयी पताका लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी संकल्प अनुसार 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। श्री विष्णुदत्त शर्मा ने घोषित सभी प्रत्याशियों को शुभकामनायें देते हुए मैदान ने जुट जाने की बात कहीं।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश में चुनावी प्रबंधन, कार्यकर्ता आधारित संगठन और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाएं जिससे गरीबों का जीवन बदलने का काम कर रही है, उन योजनाओं के आधार पर प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का सशक्त संगठन और कर्मठ कार्यकर्ताओं के आधार पर सभी प्रत्याशी इस चुनाव में विजय फताका के साथ संकल्पित होकर मैदान में उतर गए है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सभी घोषित प्रत्याशियों को बधाई दी है।

# गोरखपुर गांव के नजदीक फेंका जा रहा नगर परिषद का कचरा, ग्रामीणों में आक्रोश





छपारा। गुरुवार सुबह ग्रामीणों के द्वारा गोरखपुर के नजदीक अस्थाई डंपयार्ड में नगर परिषद छपारा का कचरा डालने पर कड़ा विरोध किया गया ग्रामीणों ने नगर परिषद की कचरा वाहन को घेर लिया व रोड पर पत्थर डालकर रास्ता जाम कर कचरा डालने के लिए मना कर दिया।

**कचरा पॉलिथीन से पशु मृत हो रहे हैं, ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं**

ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाया गया है कि उक्त कचरे के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं कुछ लोगों में उल्टी-दस्त मलेरिया जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं साथ ही पशुओं के द्वारा कचरा पॉलिथीन खाने पर पशु मृत हो रहे हैं व मृत पशुओं के पेट से पॉलिथीन का गुच्छा निकलता है। उक्त कचरे के कारण लगातार बीमारियां हो रही है।

**मच्छर म खी एवं दुर्गंध से परेशान**

ग्रामीणों ने आगे बताया कि डंपयार्ड के कचरे के कारण मच्छर एवं मॉ खयां बहुत अधिक परेशान कर रहे हैं जिससे मलेरिया हैजा उल्टी दस्त होने होने की शिकायत लगातार बनी हुई है बड़े मच्छरों के काटने के कारण शरीर में लाल चकत्ते पड़ रहे हैं दुर्गंध एवं मच्छर मॉ खयों के कारण लोग खाना नहीं खा पा रहे हैं। लगातार बदबू के कारण लोगों को अपने चेहरे व नाक को हमेशा ढक कर रखना पड़ता है।

**तालाब नदी का पानी हो रहा विषैला**

अस्थाई डंपयार्ड के नजदीक तालाब व कुआं है जिससे ग्रामीण लोग पानी पीते हैं ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में डंपयार्ड का पानी बहकर तालाब एवं कुएं में आता है जिससे पानी विषैला हो रहा है जो पीने योग्य नहीं है इसके अलावा तालाब का पानी पशु पक्षी पीते हैं जो कि उनके लिए भी प्राणघातक सिद्ध हो रहा है। वहीं आसपास के खेतों की फसलें भी इसके कारण प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि अस्थाई डंपयार्ड में जल्द से जल्द कचरा फेंकना बंद किया जाए जिससे बीमारियां एवं मच्छर मे खीऔर दुर्गंध से निजात मिल सके, पशु स्वस्थ रह सकें।

कचरा फेंकने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा आपत्ति की जानकारी आई है आगामी समय में कचरा गोरखपुर डंपयार्ड में ना डालकर जूनापानी बंजर डंपयार्ड में डाला जाएगा जो कि कंप्लीट हो चुका है

# जिला चिकित्सालय परिसर में की गई कार्यवाही



सिवनी यशोः- मु य चिकित्साा एवं स्वासस्य्‍ाई अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशन में सिगरेट और अन्यय त बा्कू उत्पा द अधिनियम 2003 (कोटपा) अंतर्गत आज दिनांक 18 अगस्तर 2023 को जिला स्तडर पर गठित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा जिला चिकित्सा0ल परिसर में त ?बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 का उल्लंयघन करने पर 17 लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाकर 2035/- रूपए जुर्माना वसूला गया तथा त बाउ्कू उत्पाघदो का सेवन न करने एवं त बालकू से होने वलो दुष्प्र भावों के संबंध में समझाईश दी गई।

जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 (सिगरेट एवं अन्य त बानकू उत्पावद अधिनियम) के अंतर्गत जिला चिकित्सासलय परिसर में यहां-वहां गुटखा खाकर थूकने वाले एवं त बाककू, बीड़ी, सिगरेट का सेवन करने वाले लोगो पर कार्यवाही की गई तथा समझाईश भी दी गई। जिला नोडल अधिकारी श्री?मति शांति डहरवाल ने बताया कि सार्वजनिक स्थेलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही आगामी समय में भी जारी रहेगी। जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल में त बारकू नियंत्रण नोडल अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल, एएनएम कुसुम चंद्रवंशी, मोनिका से सेणना, सुपरवाईजर अखिलेश नागेश्विर, शिवकुमार बघेल, सि यॉरिटी गार्ड रविन्द्रं डहेरिया एवं बिजेन्द्र कुमरे के सहयोग से कार्यवाही की गई।

**//त्रुटि सुधार//**

मैं MUMTAZ BEGAM पति SHEIKH AFZAL निवासी H.NO.13 WARD NO. 13 NEAR DINDORI NAKA SARDAR BHAGAT SINGH WARD MANDLA (M.P.) 481661 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक L4366249 में मेरा नाम MUMTAZ BEGUM पति SHEKH AFZAL व पिता ABDUL HAFEEZ लिखा है। जिसे त्रुटि सुधार उपरांत मैंने MUMTAZ BEGAM पति SHEIKH AFZAL व पिता ABDUL HAFIZ कर लिया है। अत: मुझे MUMTAZ BEGAM पति SHEIKH AFZAL एवं पिता ABDUL HAFIZ नाम से जाना व लिखा जावे। मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक में सही लिखा है।

पुराना नाम- MUMTAZ BEGUM

पति- SHEKH AFZAL

पिता- ABDUL HAFEEZ

त्रुटि सुधार उपरांत-

MUMTAZ BEGAM

पति- SHEIKH AFZAL

पिता- ABDUL HAFIZ

# रक्षाबंधन नारी की शक्ति का उत्सव

सिवनी यशोः- युगो युगो से भारत में महिलाओं को, शक्ति स्वरूपा के रूप में स मानित किया जाता रहा है। महिलाओं में संकल्प शक्ति ,इच्छाशक्ति और दृढ़ निश्चय भी होता है, इस शक्ति के द्वारा ही महिला रक्षा करने में सक्षम होती है ,प्राचीन काल से ही महिला अपने भाई ही नहीं लेकिन पति पुत्र हो या अन्य कोई भी उनकी कलाई पर राखी बांधकर स्वयं की हो या, भाई, पति, पुत्र व अन्य सब की रक्षा करने में सक्षम रही है, हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि ही नहीं स्वयं भगवान को भी विश्वास है ,कि नारी में संसार की रक्षा करने की सामर्थ है, लेकिन आज की नारी अपनी शक्तियों से अनभिज्ञ है ,और स्वयं की एवं परिवार की रक्षा के लिए दूसरों के आगे हाथ फैला रही है। वर्तमान समय हम देख रहे हैं की महिलाओं को कहीं नग्न अवस्था में दौड़ाया जा रहा है, तो कहीं उसके साथ जबरदस्ती की जा रही है ,और वह रोती बिलखती पुकारती रह जाती है, आखिर उसकी शक्ति कहां गई? जबकि हम सुनते आए हैं कि एक अकेली मां दुर्गा ने कई असुरों का संहार किया ,एक समय था जब देवियों से असुर घबराकर थरथर कांपते थे, लेकिन आज असुरों से देवियां डर रही है, भाग रही है, कहां गई हमारी शक्तियां? किसने छीन लिया हमारी शक्तियों को? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम ही अपनी शक्तियों को भूलते जा रहे है, और अपनी शक्तियों को जानना भी नहीं चाहते हैं ,स्वयं को ,और स्वयं की शक्तियों को जानने के लिए हमारे पास वक्त भी नहीं है! अतः शहर की सभी महिलाएं एक साथ बैठकर अपने उत्थान के लिए और अपनी हमजींस बहनों के कल्याण के लिए आपस में गहन चर्चा करेंगे, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके ,और असुरों से डटकर मुकाबला स्वयं ही कर सके। इन्हीं बातों को ध्यान पर रखते हुए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा, महिलाओं को अपने सामर्थ्य का एहसास कराने के लिए, *रक्षाबंधन नारी की शक्ति का उत्सव * के रूप में मनाया जा रहा है । अतः ब्र हाकुमारी की जिला संचालिका ज्योति दीदी ने सभी माताओं बहनों से अपील की है कि इस विशेष आकर्षक कार्यक्रम में आकर अपनी सामर्थ्य को बढ़ा कर अपने परिवार समाज और देश की रक्षा में सहयोगी बने।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र घंसौर का औचक निरीक्षण

**''जिले के सबसे दूरस्था सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ केंद्र एवं उपस्वास्थ केंद्रो का सघन औचक निरीक्षण किया गया''**



सिवनी यशोः- कले टसर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में मु यद चिकित्साा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा 18 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र घंसौर एवं विभिन्नि उपस्वास्थ केंद्रो का सघन औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं राष्ठीय स्वास्थ कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही सीएचओ, आशा सुपरवाईजर एवं सीएचसी घंसौर के अधिकारियों/ कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर उन्होने अपने कार्य में सुधार एवं लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होने स्वास्थ केंद्र की सुविधा को बेहतर बनाने एवं पुरानी स्वास्थ्य संस्थानओं के स्थान पर नवीन स्वास्थ्य सस्थाीएं बनाने के लिए राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उपस्वास्थ केंद्र किंदरई में सीएचओ अंबिका परते अनुपस्थित पाई गई जिसके बीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ केंद्र केदारपुर का भवन जर्जर अवस्थान में पाया गया इस हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी घंसौर को राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपस्वास्थ केंद्र अंतर्गत गृह भ्रमण कर 2 गर्भवती माताओं से भेंट की एवं स्वास्थ सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ संस्थागओं में प्रसव कराने एवं अन्या स्वास्थ संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्ता उपस्वास्थ केंद्र झुरकी का निरीक्षण किया गया इस दौरान ए.एन.एम. सीमा पटेल के द्वारा उपस्वास्थं केंद्र में ठीक से स्वास्थ सेवाएं नही दी जा रही थी एवं गर्भवती माताओं का शीघ्र पंजीयन भी नही किया जा रहा था। जनसं या के अनुपात में बहुत की कम गर्भवती माताओं का पंजीयन किया गया था जिस पर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के द्वारा ए.एन.एम. को अपने कार्य में सुधार लाकर ग्रामीणों को सुचारू रूप से स्वास्थ सेवाएं देने के निर्देश दिए गए एवं भविष्य में स्वास्थ कार्यक्रमों में सुधार हेतु चेतावनी भी दी गई।

निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेष डेहरिया, खंड चिकित्सा अधिकारी घंसौर डॉ. भारती सोनकेशरिया, बीसीएम राधिका भलावी, राजाराम रैकवार एवं अन्यर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का आयोजन



सिवनी यशोः- जिला के अग्रणी विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित की गई जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी स्किल ऐ सपो एनएसे यूएफ केंद्र द्वारा संचालित प्रदेश के शासकीय स्कूलों में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत सिवनी जिले में संचालित 48 विद्यालयों में 8 विषय ट्रेड में पढ़ाए गए व्यावसायिक शिक्षा में चयनित विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल जो छात्रों की उद्यमशीलता की प्रतिभा को प्रदर्शित करें । इस प्रयोजन हेतु आज दिनांक 18 अगस्त 2023 दिन शुक्रवार सुबह 10ः00 बजे से शास उत्कृष्ट विद्यालय ह्यद्गश्ठद्ब में कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस कौशल प्रदर्शनी में मु य अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता खंडायत ए डी एम, विशिष्ट अतिथि श्री आर.आर. मेहता सर सहायक संचालक, श्री कुमरे सर सहायक संचालक श्री श्याम सर एडीपीसी एवं प्रदर्शनी में मु य निर्णायक की भूमिका में पधारे क्रमशः श्री राजेश तिवारी प्रबंधक बीएसएनएल, श्री भूपेंद्र पुरी पॉलिटेँ नक, श्री विवेक श्रीवास्तव महर्षि, श्रीमती रेणु मालवीय राम रमन आईटीआई, श्रीमती अलीशा दयाल, नर्सिंग कॉलेज सिवनी की उपस्थिति में संस्था में सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवसायिक शिक्षा के उद्देश्य के बारे में जिला नोडल प्रभारी श्री से सेना जी द्वारा बताया गया । स्वागत भाषण एवं अतिथियों का स्वागत आशीष दुबे एवं आशीष सोनी द्वारा किया गया इसके पश्चात अतिथियों एवं निर्णायको द्वारा आईटी, इले ट्रीशियन, ब्यूटी एंड वैलनेस, बैंकिंग रिटेल एग्रीकल्चर, हेल्थ केयर, सुरक्षा ट्रेड ने प्रदर्शित मॉडल का अवलोकन किया गया साथ ही तकनीकी कौशल को समझाने हेतु छात्रों द्वारा लघु मंचीय नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अतिथि निर्णायक सांप मेहनती तकनीकी छात्रों एवं आयोजन समिति का विद्यालय प्राचार्यश्री एस सी सिंह द्वारा आभार व्यक्त कर अंत में सभी छात्रों आगंतुकों एवं व्यवसायिक शिक्षकों के साथ सामूहिक भोज किया गया।

## दो बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी यशोः- कले टरएवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार 18 अगस्त को से टर अधिकारी के भ्रमण के दौरान मतदान केवलारी विधानसभा के मतदान केन्द्र क्र. 262 शास. माध्य. शा. भवन कामता तथा मतदान केन्द्र क्र. 263 शास. माध्य. शाला भवन कामता मतदान केन्द्र बंद पाये जाने पर मतदान केन्द्र क्र.260 के बीएलओ श्री घनश्याम राय सहा.शिक्षक एवं बीएलओ श्री कुंजन सिंह कुशवाहा सहा.शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# गुरूकुल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर ध्वजारोहण कुंवर सिंह राजपूत एवम स्काउट ध्वज बी एस एफ ( कोबरा कमांडो कुपवाड़ा पाक बॉर्डर) में पदस्थ जयप्रकाश कुडापे द्वारा किया गया। इस अवसर संस्था में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक प्रथम 3 स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को स मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत, प्राचार्य श्रीमति ज्योति सिंह राजपूत, विष्णु प्रसाद साहू, अनिरुद्ध तिवारी, अंशुल पंवार, जितेंद्र कुशवाहा, देवेंद्र राउत (एयर इंडिया), सिलवेंद्रन मॉयन, रजनीश बोपचे, आर्यन चौधरी, मनीष चौधरी, योजित चौहान, वेदांत श्रीवास्तव, विशाल पांडे, हिमांशु बघेल, सौरभ लुधियाना, मयूर अग्रवाल, अक्षत मर्सकोले, हर्ष ललकिया, कपिल तुरकर, शशांक सूर्यवंशी, नेपाल सिंह बोपचे, सहित, पालकों, विधार्थियों एवं स्टाफ की उपस्थिति रही।

बरघाट नगर में गुरुकुल पब्लिक स्कूल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने तिरंगा चुनरी को लेकर विद्यालय से नगर परिषद तक यात्रा की। भव्य रैली का स्वागत नगर में जगह जगह पर किया गया।

नगर परिषद बरघाट में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल बरघाट के बच्चों द्वारा भव्य प्रदर्शन दिया गया। बच्चों ने आत्मनिर्भर भारत(मैं नए भारत का चेहरा हूं) कार्यक्रम में सशक्त संबद्ध एवं स्वावलंबी होने की भूमिका को नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया। साथ ही नन्हे कलाकारों ने पी.टी. को एरोबि स नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया। जिसका उद्देश्य मन को प्रसन्न एवं शरीर को स्वस्थ रखना है। नगर परिषद बरघाट के तत्वाधान में गुरुकुल विद्यालय के विद्यार्थियों को कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं के उत्कृष्ट परिणाम हेतु 12 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई।

# शासकीय शालाओं के विद्यार्थी 25 अगस्त को शामिल होंगे शैक्षिक ओलंपियाड में

भोपाल। प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2023-24 में अध्यनरत कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों के लिए जन शिक्षा केन्द्र स्?तरीय शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन आगामी 25 अगस्त 2023 को आयोजित किया जा रहा है। कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड 02 चरणों (जन-शिक्षा केन्द्र स्तरीय एवं जिला स्तरीय) में होगा। शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड एवं ड्ढश्चद्गष्द्बड्डद्यश्चद्बश्चठ्ठद्यद्बद्धश्च तथा माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षाओं का आयोजन होगा।

**दूसरी कक्षा के बच्चे भी ओ.एम.आर. शीट पर प्रश्न हल करेंगे**

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि इस ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर आठवीं तक की प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओ.एम.आर. शीट पर प्रश्न हल करेंगे। यह व्यवस्था राज्य शिक्षा केन्द्र ने विगत वर्ष से प्रारंभ की है। जिससे बच्चों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये बाल्यकाल से ही अनुभव प्राप्त होगा। शैक्षिक ओलंपियाड़ में कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थयों के लिए अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित विषयों की परीक्षाएं आयोजित होंगी। कक्षा चौथी और पाँचवीं के विद्यार्थी अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषय के प्रश्न हल करेंगे। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित के साथ ही सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता भी ओलंपियाड़ के दौरान आयोजित होगी।

**कक्षावार विषय**

| कक्षा | विषय |
|---|---|
| 2-3 | अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित |
| 4-5 | अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन |
| 6-8 | हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच |

**जन-शिक्षा केन्द्र स्तरीय परीक्षा के लिए ऐसे होगा विद्यालयवार विद्यार्थियों का चयन**

प्राथमिक स्तर के ओलंपियाड़ एवं Word Power Championship में प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 2 से 5 तक की प्रत्येक कक्षा से 02-02 विद्यार्थी अर्थात् एक विद्यालय से कुल 08 विद्यार्थी जन-शिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

माध्यमिक स्तर के लिये प्रत्येक शासकीय माध्यमिक विद्यालय से जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलंपियाड़ परीक्षा में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की सं या का निर्धारण उस शाला के नामांकन के आधार पर होगी

**ऐसे होंगे ओलंपियाड़ के प्रश्न पत्र**

जन-शिक्षा केन्द्र स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी (20 प्रश्न), हिन्दी (15 प्रश्न) एवं गणित (15 प्रश्न) इस प्रकार तीनों विषयों के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

वहीं कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों के लिए भी 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी (20 प्रश्न), हिन्दी (10 प्रश्न), गणित (10 प्रश्न) एवं पर्यावरण (10 प्रश्न) इस प्रकार चार विषयों के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

कक्षा 6 से 8 के लिए भी एक ही प्रश्न पत्र होगा। जिसमें में छः विषय क्रमशः हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच (सामान्य ज्ञान), प्रत्येक विषय के पृथे -पृथक् 20-20 प्रश्न सहित कुल 120 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

**जिला स्तरीय ओलंपियाड़ परीक्षा के लिये ऐसे होगा विद्यार्थियों का चयन**

प्रत्येक जन-शिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 एवं 3 के तीनों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित) के 04-04 टॉपर विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 से चारों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित पर्यावरण) के टॉपर 04-04 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जन-शिक्षा केन्द्र से कक्षा 2-5 के कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।

कक्षा 6 से 8 के तहत जन-शिक्षा केन्द्र स्तर से सर्वाधिक अंको के आधार पर प्रत्येक विषय से 04-04 विद्यार्थियों के रुप में एक जन-शिक्षा केन्द्र से कुल 24 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

ओलंपियाड के सुचारू संचालन तथा पर्यवेक्षण के लिये राज्य स्तर से जिला प्रभारी अधिकारी भी जिला मु यालयों में उपस्थित रहेंगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने इस शैक्षिक ओलंपियाड़ परीक्षा हेतु जन शिक्षा केन्द्रों पर सुचारु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिये सफलता पूर्वक कार्य संपादन के लिये जिला कले टर्स को पत्र के माध्यम से लेख किया है।

# जबलपुर हाईकोर्ट ने दो IAS अधिकारियों को सुनाई जेल की सजा, अदालत की अवमानना का दोषी पाया

**छतरपुर के पूर्व कले टर शीलेंद्र सिंह और तत्कालीन एडिशनल कले टर छतरपुर अमर बहादुर सिंह दोषी करार, अदालत ने 7 दिन कैद की सजा के साथ 50 हज़ार जुर्माना लगाया**

जबलपुर। जबलपुर हाईकोर्ट ने अदालत की अवमानना के प्रकरण में दो आईएएस अधिकारियों को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। छतरपुर के पूर्व कले टर शीलेंद्र सिंह और तत्कालीन एडिशनल कले टर छतरपुर अमर बहादुर सिंह को दोषी मानते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने ये सजा सुना है। सजा के तहत शीलेंद्र सिंह को 7 दिन कैद और 50 हज़ार रुपये जुर्माना तथाअमर बहादुर सिंह को भी 7 दिन कैद और 50 हज़ार जुर्माने की सज़ा सुनाई गई है। इसी के साथ उन्हें कोर्ट रूम से सीधे जेल भेजने के निर्देश दिए गए। जबलपुर हाईकोर्ट जस्टिस जी.एस. अहलूवालिया ने इन दोनों आईएएस अधिकारियों को दोषी पाते हुए फैसला सुनाया।

ये मामला ज़िला समन्वयक रचना द्विवेदी के नियम विरुद्ध स्थानांतरण का है। उनके स्थानांतरण आदेश के बाद सेवा बर्ख़ास्तगी कर दी गई थी। इस मामले पर हाईकोर्ट की रोक के बाद भी दोनों अधिकारियों ने अदालत का आदेश नहीं माना था, जिसे अवमानना मानते हुए आज उन्हें ये सजा सुनाई गई है। बता दें कि वर्तमान में शीलेंद्र सिंह भोपाल में सामाजिक न्याय विभाग में उपसचिव के पद पर हैं और अमर बहादुर सिंह के पास जबलपुर संभाग के एडिशनल कमिश्नर की कमान है। इतनी बड़े रैंक के अधिकारियों को जेल भेजने का ये मामला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा रहा है।

# मेडिकल कहां बने आमानाला में या गोंझी में अधिकारी नहीं कर पा रहे निर्धारित

## वन विभाग के अधिकारियों ने गोंझी और आमानाला में किया जमीन का निरीक्षण



मंडला यशोः- भारत सरकार के उप वन महानिदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने आज मेडीकल कॉलेज के लिये प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कले टर डॉ सलोनी सिडाना, पश्चिम सामान्य वनमण्डल के वनमण्डलाधिकारी निथ्यानंतम एल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार मण्डला में मेडीकल कॉलेज की स्थापना के लिये वनभूमि के प्रत्यावर्तन के संबंध में उन्होंने आमानाला एवं गौंझी रैयत में प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। श्री सिन्हा ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारियां लीं।

**रेशम गतिविधियोंका अवलोकन**

भारत सरकार के उप वन महानिदेशक अशोक कुमार सिन्हा एवं कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने रेशम कार्यालय संचालित में रेशम गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने मलबरी कोकून का उत्पादन, ककून से धागा निर्माण, रेशम धागाकरण इकाई परिसर में टसर रेशम कृमि पालन, रेशम से कपड़ा निर्माण एवं उत्पादित रेशम कपड़ा एवं उस पर गोंड पेंटिंग आदि के संबंध में जानकारी लेते हुये अधिक से अधिक सिल्क का उत्पादन कर मार्केटिंग को बढावा देने की बात कही।

# नैनपुर से प्रारंभ होकर बिछिया विकासखंड के अंजनिया पहुंची स्नेह यात्रा

### स्नेह यात्रा का चिरईडोंगरी, ब हनी बंजर, अंजनिया में भव्य स्वागत हुआ



मंडला यशोः- साधु संतों की अगुवाई में म.प्र. जन अभियान परिषद् पूरे जिले के विकासखंडों में स्नेह यात्रा आयोजित कर रही हैं। इस आयोजन में स्वैच्छिकता से लोग सहभागी बन रहे हैं। स्नेह यात्रा गुरुवार की सुबह चकोर पुल स्थित हनुमान मंदिर की आरती पूजन कर प्रारंभ होकर, जामगांव, चिरईडोंगरी, ब हनी बंजर होते हुए अंजनिया में यात्रा का रात्रि पडाव रहा। इस यात्रा में प्रमुख रूप से प.पू.स्वामी शारदात्मानंद महाराज (राज्य अतिथि दर्जा), रामकृष्ण सेवाश्रम-देवदरा के साथ स्वामी सच्चिदानंद देववप्पा आश्रम सुरंगदेवरी आदि सहभागिता कर रहे हैं। कल की यह यात्रा मंगलभवन नैनपुर से शुरू होकर जामगांव, चिरईडोंगरी होते हुए दोपहर भोजन-विश्राम गायत्री मंदिर ब हनी बंजर रहा। दोपहर विश्राम पश्चात ग्राम सिलगी, लफरा होते हुए सायं अंजनिया में पहुंची। आज 19 अगस्त को प्रातः 9 बजे माताजी के मंदिर में पूजन-आरती के पश्चात शुरू होगी। आज यह यात्रा घुघरी विकासखंड में प्रवेश करेगी। यात्रा का अनेक स्थानों में ढोल- नगाड़े, पुष्प वर्षा तथा महिलाएं कलश लेकर स्वागत कर रही हैं।

## लघु फिल्म के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



मंडला यशोः- जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन पहुंचकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया। इसी क्रम में अमझरमाल, धनपुरी रैयत, देई बिछिया, पांडीवारा, मानेगांव, नेवसा आदि ग्रामों में मतदाता जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया। रथ के साथ से टर ऑफिसर एवं बीएलओ सुपरवाइजर सहित संबंधित उपस्थित रहे। इसका उद्देश्य आगामी निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

# बिछिया से डॉ टर विजय आनंद मरावी प्रत्याशी घोषित

## अजजा सीट बिछिया के घोषित प्रत्याशी मेडिकल कॉलेज जबलपुर के उप अधीक्षक थे



मंडला यशोः- विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंडला जिले के विधानसभा क्रमांक 105 बिछिया की अजजा सीट के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है और इस घोषणा के साथ बीजेपी ने अपनी उस नीति को सार्वजनिक कर दिया है। जिसके अंतर्गत यह संदेश मतदाता तक पहुंचाए जाने का प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्याशी के चुनाव के लिए बीजेपी अपनी रणनीति बदल चुकी है और स्वच्छ छवि के इमानदार कर्मठ तथा लोगों के बीच लोकप्रिय किसी भी निर्विवाद व्यक्ति को वे अपना प्रत्याशी घोषित कर सकते हैं।

जानकारी अनुसार डॉ टर विजय आनंद मरावी को बिछिया विधानसभा के लिए प्रत्याशी घोषित किए जाने का कारण यह है कि डॉ टर मरावी का जन्म स्थान बिछिया ब्लॉक मु यालय ही है। इन्होंने अपनी प्राथमिक पढ़ाई इसी क्षेत्र में की है। उनके माता-पिता भी शासकीय नौकरी में रहे। एमबीबीएस करने के बाद डॉ टर मरावी सागर जिले में पदस्थ रहे और उसके बाद पिछले 8-10 वर्षों से जबलपुर मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**मेडिकल कॉलेज जबलपुर में उप अधीक्षक के पद पर पदस्थ**

मेडिकल कॉलेज जबलपुर में उप अधीक्षक के पद पर पदस्थ रहे हैं। मंडला डिंडोरी के हजारों मरीजों को वे चिकित्सकीय लाभ दिलवा चुके हैं। साप्ताहिक अवकाश के दिनों में वे लंबे समय से बिछिया क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंप लगाकर अपनी सक्रियता और समाज सेवा जनता के बीच दर्शाते रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषांगिक संगठन सेवा भारती से जुड़े हुए हैं। फिलहाल बिछिया विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के नारायण सिंह पट्टा वर्तमान विधायक और अघोषित प्रत्याशी के रूप में सक्रिय हैं।

**30 वर्षों से एक बार कांग्रेस-तो दूसरी बार भाजपा, की नीति पर आधारित**

उल्लेखनीय बात यह है कि बिछिया विधानसभा के चुनाव का परिणाम पिछले 30 वर्षों से एक बार कांग्रेस-तो दूसरी बार भाजपा, की नीति पर आधारित रहा है। यही कारण है कि भाजपा ने इस बार ऐसे व्यक्ति को अपना प्रत्याशी घोषित किया है जो इस क्षेत्र का मूल निवासी होने के साथ साथ सक्रिय और निर्विवाद हो। साथ ही प्रत्याशी टिकट की कतार में खड़े नाराज भाजपाइयों को मनाने के लिए भी पार्टी के पास पर्याप्त समय है ताकि वह डैमेज कंट्रोल कर सके।

# हम विकास को आधार बना कर पुनः सरकार बनायेंगे -फग्गन सिंह कुलस्ते

### केन्द्रीय मंत्री ने मंडला जिले की निवास विधानसभा के कार्यकर्ता स मेलन का किया मार्गदर्शन

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश में भाजपा की शिवराज सरकार के नेतृत्व में प्रत्येक गांव, टोला, मंजरों नगर व शहर तक विकास कार्यो से प्रदेश की तस्वीर बदली है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में गरीब कल्याण के क्षेत्र में देशभर में भागीरथी कार्य हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी का संगठन आज बूथ से लेकर मतदाता सूची के पन्ना तक कार्य में जुटा है। इसलिए कार्यकर्ता के परिश्रम, संगठन के निरंतर कार्य और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अथक परिश्रम के कारण आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी निश्चित ही चुनाव जीतेगी। यह बात केंद्रीय मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने रविवार को मंडला जिले की निवास विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता स मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का संकल्प दिलाते हुए कहा कि ये चुनावी वर्ष है हम विकास को आधार बना कर पुनः सरकार बनायेंगे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए



फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि भाजपा सरकारों ने जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का काम किया है। मु यमंत्री शिवराज ने कन्या विवाह, संबल योजना जैसी कई जन हितेषी योजना प्रार भ की थी। लेकिन प्रदेश में 15 महीने बनी कांग्रेस की सरकार ने इन योजनाओं को बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीब और आदिवासी विरोधी है। सबसे अधिक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस आदिवासियों का भला नहीं कर पाई। आदिवासियों को स मान और उनके जीवन स्तर में बदलाव लाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी समाज की बहन श्रीमती द्रौपती मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी ने स पूर्ण जनजाति समाज को गौरवान्वित किया है। श्री कुलस्ते ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अनाम आदिवासी महापुरुषों को भुला दिया। उनका स मान नहीं किया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आजादी के इतिहास में गुम हुए आदिवासी महापुरुषों को न सिर्फ स मान दिया बल्कि उनकी स्मृतियों को चिर-स्थाई बनाने के साथ आमजन तक पहुँचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के विकास, अधिकार तथा उनकी संस्कृति की रक्षा करने के देश में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिश्रम तथा प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संकल्प के कारण मध्यप्रदेश विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। भाजपा सरकार फिर से मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का परचम फहराए इसलिए कार्यकर्ता आज से जीत का संकल्प लेकर अपने मिशन में जुट जाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ जीता, चुनाव जीता का संकल्प दोहराते हुए कहा कि हमारा बूथ जितना अधिक मजबूत होगा, चुनाव में हमारी जीत भी उतनी बड़ी होगी। कार्यकर्ता स मलेन में पार्टी के प्रदेश मंत्री व जिला संगठन प्रभारी आशीष दुबे, जेडीए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनोद मिश्रा, चंद्रप्रकाश मिश्रा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, के के तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष संजीत पांडे सहित मंडलों के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जन समस्या निवारण संस्थान जिला सिवनी द्वारा हरियाली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

सिवनी यशोः- संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डेहरिया ने बताया है कि जन समस्या निवारण



संस्थान सिवनी द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी आधुनिक कालोनी गार्डन में मु य अतिथि श्रीमती ज्योति चौरसिया सब इंस्पे टर महिला थाना सिवनी एवं वरिष्ट समाजसेवी श्रीमती इंदु जायसवालजी श्रीमती पार्वती हनुमन्ते श्रीमती निर्मला डहेरिया जी व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शोभा राजपूतजी की गरिमामयी उपस्थिति में महिलाओं ने हरियाली महोत्सव सावन गीत, सावन झूले, सामूहिक नृत्य,व पौधरोपित कर मनाया। कार्यक्रम का मु य आकर्षण सभी को स्वस्थ रहने के लिए आकर्षक गेम रखे गए महिलाओं ने सभी गेमों में भाग लिया जिसमे कुर्सी दौड़ च मच दौड़ सुई धागा दौड़ फैंसी ड्रेस मटकी फोड़ प्रतियोगिता आदि गेम रखे गए व कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और संस्थान की महिलाओं ने सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित की एवं गेमों में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र शील्ड से स मानित किया गया व प्रत्येक समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी प्रशस्ति पत्र से स मानित किया गया व शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाये जाने हेतु व पर्यावरण सुरक्षा हेतु संस्थान के द्वारा पौधा रोपित कर पौधों का वितरण किया गया पौधों को संरक्षण की जि मेदारी गार्डन के प्रमुख सेवादार श्रीमान परमानन्द जायसवाल जी एवं आधुनिक कालोनी के प्रमुख सेवादारों द्वारा ली गयी। व श्रीमती अंजना मालवी द्वारा शानदार एंकरिंग की गई ।एवं स पूर्ण कार्यक्रम को सुसज्जित व सफल बनाने में संस्थान के सक्रिय सदस्यों में वरिष्ट समाज सेवी श्री राजेश डहेरिया श्री केवल डहेरिया गेवेंद्र डहेरिया की मु य भूमिका रही ।आज के कार्यक्रम में मु य रूप से संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डेहरिया जिला उपाध्यक्ष अमृत बेदी जिला सचिव रेखा डहेरिया जिला कोषाध्यक्ष उज्जवला सोमदेव जिला मंत्री अमृता दुबे संगठन मंत्री ममता नागरे जिला प्रवक्ता यशोदा डहेरिया बरघाट ब्लॉक अध्यक्ष मंजू चक्रवर्ती एवं टीम कार्यक्रम सहयोगी प्रसून चौहान स्वेता मिश्रा सदस्य श्रीमती आशा चंदेल तृप्ति नामदेव योगिता सनोडिया सुनीता सनोडिया पूजा कश्यप सरिता चौहान निर्मला साहू खुशबू परिहार रेखा सोनी रामबती सनोडिया रुपाली टे भरे अनिता प्रजापति, रीना गजभिये,सोनिका डहेरिया । आदि महिलाओं की उपस्थिति रही।संस्थान के कार्यो को देखकर महिलाओं ने संस्थान में नियुक्ति ली गयी।जिसमे सुश्री मीरा नामदेव, सुश्री कांता ठाकुर,अर्चना रांगढाले,ममता पटले को संस्थान द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। अंत मे संस्थान की रेखा डहेरिया ने आभार व्यक्त कर सभी आगन्तुको को धन्यवाद प्रेषित किया।

## कर्मचारियों को दी जा रही ईव्हीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी

मंडला यशोः- कले ट्रेट परिसर में बनाये गये ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को ईव्हीएम मशीन से मतदान प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार विभागवार रोस्टर तैयार किया गया है। शुक्रवार को कले ट्रेट तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ईव्हीएम मशीन से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही मॉक पोल की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताते हुये कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## संयुक्त कले टर को निर्वाचन शाखा का प्रभार

मंडला यशोः-प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त कले टर अरविंद कुमार सिंह को प्रभारी अधिकारी, निर्वाचन शाखा (भारत निर्वाचन) का कार्यदायित्व आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य संपादित करने संबंधी आदेश जारी किए हैं।

# ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन ने दी स्नेह यात्रा में सहभगिता

सिवनी यशोः- स्नेह यात्रा आज धोबीसर्रा से ग्राम दरासीखुर्द पहुंची जहां साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी द्वारा उपस्थितजनों को संकीर्तन कराया गया तथा आपस के भेदभाव तथा वैमन्यता को समाप्त कर एकता स्थापित करना ही इस यात्रा का उददेश्य है साथ साध्वी दीदी द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को रक्षासूत्र बांधा गया। इसके पश्चात यात्रा बरघाट विकासखंड के ग्राम दुल्हापुर पहुंची जहां ग्राम सरपंच श्री आशीष मेंश्राम एवं ग्रामीण जन द्वारा यात्रा स्वागत किया गया जहां साध्वी दीदी द्वारा




जात पात पूछे नहीं कोई हरि को भजे सो हरि को होई दोहे से ग्रामीण जन को संबोधित किया तथा भेदभाव दूर कर एकता बनानें का संदेश दिया इसके बाद यात्रा द्वारा ग्राम धपारा,अमुरला,बिरहोली, जाम,इंदोरी,का भ्रमण करते हुए ग्राम आष्टा पहुची जहां जनसंवाद का आयोजन किया गया जहां साध्वी दीदी द्वारा पूरे म.प्र में जातपात उंच नीच अमारी गरीब के भेदभाव को समाप्त् कर समाज मे समरसता फैलाने के उददेश?य से इस यात्रा का आयोजन म.प्र.सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके पश्चात समस्त उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। यात्रा ग्राम अंखीवाडा, कल्याणपुर, नांदी,केकडई होते हुए ग्राम धारनाकला पहुची जहां ग्रामवासियों द्वारा साध्वी ज्ञानेश्वी दीदी के साथ संकीर्तन किया गया। तत्पमश्चात यात्रा ग्राम पोनार एवं जेवनारा का भ्रमण करतें हुये बरघाट पहुंची जहां जनसंवाद का आयोजन किया जाएगा। आज यात्रा में प्रमुख रूप से पतंजलि से नरेश मिश्रा, सरपंच आशीष मेश्राम,हार्ट फुलनेस से डीपी साहू, जन अभियान परिषद से सौरभ शु ला जिला समन्वसयक, श्रीमति शोभना ठाकरे वि.ख. समन्वयक, अनिल नागले एवं समस्त नवांकुर संस्थायें एवं मेंटर्स आदि उपस्थित रहे।




दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297